गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा अभिभावक -शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक - 28 अगस्त 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस में अभिभावक - शिक्षक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग में अध्ययनरत कुल 134 (67-67) की संख्या में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस. चहल उपस्थित थें। सभा को सम्बोधित करते हुए इस अभिभावक - शिक्षक मिलन समारोह के आयोजन के उद्देश्य एवं औचित्य को बतलाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने अभिभावकों समेत विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, NSS, NCC, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्रों पर शैक्षणिक एवं छात्र हित सम्बंधित सुझाव दर्ज किये। उपस्थित अभिभावकों कि ओर कॉलेज में आयोजित शैक्षणिक एवं अन्य क्रिया कलापों के सुदृढ़ एवं सुचारु गतिविधियों की प्रशंसा की, साथ ही कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएट स्तर की पढ़ाई एवं छात्राओं के लिए NCC की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही जिससे कि यहां के विद्यार्थियों को अन्य संस्थान में नहीं जाना पड़े। विभागाध्यक्ष, डॉ मीना मालखंडी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने सम्बोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों सम्बंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। इस समारोह में उपस्थित अभिभावकों की ओर से विभाग के द्वारा किये गए इस कार्यक्रम को सराहा गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक प्रो दीपक कुमार के साथ विभाग की ओर से डॉ नीता ओझा, प्रो बिशेश्वरी भट्टाचार्जी , प्रो नमिता कुमारी, प्रो सिमरन छाबरा समेत अन्य विभाग के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें।

राजनीति विज्ञान विभाग,
गुरु नानक कॉलेज, धनबाद।

Photo Gallery

NAAC Accredited 'B' Grade
A Sikh Minority Degree College
Affiliated to BBMK University
Welcome Parents
to
Parent-Teacher Meeting
Parent
+
Teacher
Shot on OnePlus
By Ravi Singh Rajput

News Clips

जीएन कॉलेज में अभिभावक शिक्षक मिलन कार्यक्रम

धनबाद. जीएन कॉलेज धनबाद भूदा कैंपस में रविवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग का अभिभावक शिक्षक मिलन कार्यक्रम हुआ. मुख्य अतिथि कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चाहल ने अभिभावक शिक्षक मिलन के उद्देश्य पर चर्चा की. प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने छात्रों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया. विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी ने कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों सहित अन्य जानकारी दी. मौके पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक दीपक कुमार, प्रो नीता ओझा, विशेश्वर भट्टाचार्जी, प्रो नमिता कुमारी, प्रो सिमरन छाबरा आदि मौजूद थे.

जीएन कॉलेज में शुरू कराएं पीजी की पढ़ाई

■ गुरुनानक कॉलेज धनबाद में इतिहास विभाग व राजनीति विज्ञान विभाग में पीटीएम का आयोजन

धनबाद, मुख्य संवाददाता। गुरुनानक कॉलेज में रविवार को इतिहास व राजनीति विज्ञान विभाग आयोजित पीटीएम में अभिभावकों ने कई मामलों को रखा।

राजनीति विज्ञान के पीटीएम में अभिभावकों ने कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू करने की बात कही ताकि छात्रों को पीजी की पढ़ाई के लिए दूसरे कॉलेज नहीं जाना पड़े। छात्राओं के लिए भी एनसीसी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं इतिहास विभाग के पीटीएम में अभिभावकों ने इतिहास के विद्यार्थियों को ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण करने व कॉलेज में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

अभिभावकों व छात्रों ने फीडबैक फॉर्म को भरते हुए कई सुझाव दिए। राजनीति विज्ञान के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने पीटीएम के उद्देश्य एवं औचित्य को बताया। वहीं इतिहास विभाग में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने कहा कि कॉलेज लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चे को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

मौके पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ रंजना दास, प्रो. अभिषेक सिन्हा, डॉ सरिता मदेसिया, प्रो. अर्णव सरखिल, प्रो. करुणा कुमारी सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक कुमार, डॉ नीता ओझा, प्रो. बिशेश्वरी भट्टचार्जी, प्रो. नमिता कुमारी, प्रो. सिमरन छाबरा मौजूद थे।